


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना



प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 3 | अंक : 46 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 22 जून से 28 जून 2023 — ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए दैनिक जीवन मे योग जरूरी - जिलाधीश चिन्मय गोतमारे

### विश्व योग दिवस पर हजारो ने किया योग विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम आयोजित




**बुलंद गोंदिया।** विश्व योग दिवस 21 जुन 2023 9 वे वर्ष के उपलक्ष्य् मे नगर योग उत्सव समिति गोंदिया द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम मे आयुष मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय प्रोटोकाल अनुसार योग्याभ्यास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारेने कहा शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए हमारे दैनिक जीवन मे योग जरूरी है।

कार्यक्रम में पुलिस अधिक्षक निखील पिंगले , नगर परिषद के मुख्याधिकारी करणकुमार चव्हाण प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर हुए कार्यक्रम आयोजित जिसमे हजारो लोग हुये शामिल।

इस योग उत्सव मे नगर के करीब दो हजार नागरिकगण सम्मिलित हुए जिसमे सामाजिक संस्था आरोग्य भारती, आर्ट ऑफ लिवींग, अखिल विश्व गायत्री परिवार, ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पतंजली योग समिती, रामकृष्ण सत्संग मिशन, योग मित्र मंडल, विविध सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल संगठन / संस्था तथा जिल्हे के सभी केंद्र तथा राज्य शासकीय विभाग जिसमे मुख्यत: जिल्हाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिल्हा परिषद प्रशासन, नगर परिषद प्रशासन, अग्निशमन विभाग, गोंदिया विधानसभा ग्रुप ,स्टेट बँक ऑफ इंडिया, एसबीआई लाईफ, मारवाडी युवक मंडल, पालावरची शाला आदी इस कार्यक्रम सम्मिलीत होकर योग उत्सव मनाया।




योग उत्सव में प्रमुख रूप से उपस्थित जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने आगे कहा की, जीवन मे आनेवाले उतार चढाव के कारण जो हम तनावयुक्त् जीवन जी रहे है, उसके लिए योग द्वारा शरीर और मन का मिलन एव संतुलन रखा जाता है। इसलिए शरीर से साथ ही मन से भी स्वस्थ होना जरूरी है, कोरोना वैश्विक महामारी के बाद हदय, फेफडो की बीमारीया पैदा होने से हमारे शरीर की प्रतिरोधक शक्ती कम हो गई है, उसे बढाने के लिए जब भी वक्त मिलता है तब आप दैनिक जीवन मे प्रतिदिन योगाभ्यास करे।

मंच संचालन पतंजली योग समिती के नागेश गौतम द्वारा, आर्ट ऑफ लिवींग के विकास देशपांडे इनके द्वारा योगाभ्यास संचालन एव आभार प्रदर्शन समिति सचिव डॉ प्रशांत कटरे ने किया. उन्होने कहा की, केंद्र सरकार के द्वारा यह वर्ष मिलेटस वर्ष के रूप मे मनाया जा रहा है, इसलिये अपने दैनिक जीवन मे मिलेटस का उपयोग करे एव समृध्द पर्यावरण के लिए अपने घर और परिसर मे गंदगी न होने दे और प्लास्टिक मुक्त मोहल्ला व शहर बनाने का संकल्प करें ऐसा आवाहन डॉ.प्रशांत कटरे ने किया।

### जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया

जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय गोंदिया द्वारा योग दिवस के अवसर जिला क्रीड़ा संकुल मे कादर शेख शिक्षण अधिकारी, श्रुति मैडम नेहरू युवा केंद्र, चेतना ब्राह्मणकर




मैडम , पराग खुजे द भारत स्काउट एन्ड गाइड, जयेश शेंडे बैंक ऑफ़ बड़ौदा, डोंगरवार सर जन शिक्षण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी घनश्याम राठौड़ के मार्गदर्शन मे क्रीड़ा शिक्षक विशालसिंग ठाकुर, अनिल सहारे अंकुश गजभिये, ऋतुराज यादव,वीनेश फुंडे, रवीना मैडम,योग शिक्षिका माधुरी मैडम द्वारा किया गया। साथ ही इस योग दिवस मे स्वयं सिद्धा महिला बहुउदेशिय संस्था, अथर्व बहुउदेशिय संस्था, शिव छत्रपति बहुउदेशिय संस्था, युवा एकता क्रीड़ा बहुउदेशिय संस्था, प्रगति अकादमी, अश्वमेघ अकादमी व कराते एसोसिएशन गोंदिया जिला द्वारा सहभाग लिया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन मरसकोले क्रीड़ा अधिकारी द्वारा किया गया,इस प्रोग्राम को सफल बनाने मे शिवचरण चौधरी, आकाश भगत, सुमित सूर्यवंशी, किशन गावड़, नरेंद्र कोचे, वसंत विहीघरे ने मेहनत की।

## नगर परिषद नगर रचना विभाग का क्लर्क अब्दुल सलाम कुरेशी एसीबी की हिरासत में

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया नगर परिषद के नगर रचना विभाग में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक अब्दुल सलाम हबीब कुरेशी उम्र 51 वर्ष नूरी चौक सिविल लाइन निवासी को गोंदिया एंटी करप्शन विभाग द्वारा 80 हजार की रिश्वत के मामले में 21 जून की दोपहर को हिरासत में लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता की मांता और बहन के नाम पर गोंदिया नगर परिषद क्षेत्र में गैर कृषि उपयोगी जमीन व प्लाट है। जिसके एनए की अनुमति गोंदिया जिलाधिकारी के आदेश से रद्द की गई थी। जिसके पश्चात शिकायतकर्ता द्वारा मकान और घर के प्लाट के नगर परिषद द्वारा गुंठेवारी एनए करने के लिए 12 जून 2023 को आवेदन दिया था। गुंठेवारी एनए करने के लिए आरोपी अब्दुल सलाम हबीब कुरेशी वरिष्ठ लिपिक द्वारा 80 हजार रिश्वत की मांग की। जिस पर फरियादी द्वारा 30 हजार दे दिए गए थे तथा शेष 50 हजार की मांग कर बुधवार 21 जून को बुलाकर लेने का प्रयास किया जिस पर गोंदिया एंटी करप्शन विभाग द्वारा नुरी चौक सिविल लाइन में कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। उल्लेखनीय है कि गोंदिया नगर परिषद के नगर रचना विभाग में एक छोटे से काम के लिए भी बिना रिश्वत लिए काम नहीं होता तथा यह गोंदिया नगर परिषद का भ्रष्टाचार की जननी के रूप में विभाग की पहचान हो चुकी है। उपरोक्त मामले में आरोपी के खिलाफ शहर पुलिस थाने में भ्रष्टाचार प्रतिबंधक कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल मकनीकर, अपर पुलिस अधीक्षक महेश चाटे के मार्गदर्शन में गोंदिया एंटी करप्शन के उप अधीक्षक पुरुषोत्तम अहेरकर के नेतृत्व में की गई जिसमें पुलिस निरीक्षक अतुल तवाड़े, सहायक उप निरीक्षक विजय खोबरागडे, पुलिस हवलदार संजय बोहरे, पुलिस सिपाही संतोष सेंडे, अशोक कापसे, कैलाश थाटकर, प्रशांत सोनवाने, संगीता पटले, दीपक बाटबर्वे द्वारा की गई।

## महिला मंडल फुलचुर ने मनाया योग दिवस



**बुलंद गोंदिया**-विश्व योग दिवस के अवसर पर पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य सुरेखा भंडारकर के नेतृत्व में महिला मंडल द्वारा पार्टी लॉन शिवनगर फूलचूर में योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर योग शिक्षिका रेखा रहांगडाले द्वारा योग के महत्व व योग करने से शरीर में होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अन्य को योग करना भी सिखाया इस अवसर पर ग्राम फूलचूर की महिला मंडल की सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## न्यायालय परिसर में पान खर्रा खाकर थूकना पड़ा भारी कोर्ट ने प्रत्येक पर लगाया 1200 रुपये का दंड



**बुलंद गोंदिया।** यह जानते हुए भी कि धूम्रपान, बीड़ी पीना, सिगरेट पीना, वर्जित गुटखा खाना जैसे शरीर के लिए हानिकारक है, फिर भी लोग इन हानिकारक पदार्थों का सेवन कर इसकी लत और नशे के आदी हो रहे है। शासकीय, अर्द्धशासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सालयों, न्यायालय परिसरों में गुटखा खाना, तम्बाकू एवं सिगरेट पीने पर पाबंदी है, बावजूद ऐसे नशे के आदि लोग सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी मात्रा में तम्बाकू और गुटखा खाते है धूम्रपान करते हैं, और हर जगह थूकते हैं तथा अन्य लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को खतरे में डालते हैं। इस मामले पर अंकुश लगाने के लिए सरकारी कार्यालय, कचहरी परिसर व सार्वजनिक स्थलों में धूम्रपान व थूकने वालों पर सख्त कार्रवाई करने हेतु माननीय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री अभिजीत कुलकर्णी, न्यायालय गोंदिया ने, आज दिनांक 20 जून 2023 को गोंदिया न्यायालय परिसर में तम्बाकू गुटखा खाकर कोर्ट परिसर में थूकने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की। जिनपर कार्रवाई की गई उनपर प्रत्येक 1200 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

गोंदिया जिला पुलिस दल ने जिले के लोगों को आव्हान किया है कि वे सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों, अदालत परिसरों और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करें, जो लोगों के जीवन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। धूम्रपान से बचें। अन्यथा उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

## साइकिलिंग संडे के 273वें सप्ताह पर जिलाधिकारी गोतमारे ने साईकिल चलाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा व स्वास्थ्य लाभ का संदेश





**बुलंद गोंदिया।** पर्यावरण सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ के लिए जागरूकता करने के उद्देश्य से 18 जून 2017 से शुरू हुए साइकिल चलाओं अभियान का 18 जून 2023 को साइकिलिंग संडे अभियान ने सफलतापूर्वक 6 साल पूरे किये।

साइकिलिंग संडे ग्रुप के सभी राइडर्स ने छठवें साल के 273 सप्ताह में साइकिल चलाकर नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा महत्वपूर्ण संदेश दिया है। 6 साल के पूरे होने पर इस दिवस को खास मनाने गोंदिया के जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने ग्रुप की प्रशंसा कर स्वयं साईकिल की सवारी कर सभी राइडर्स की हौसला अफजाई की और सभी जनता से अपील की कि वे भी पर्यावरण सुरक्षा व स्वास्थ्य लाभ हेतु साइकिलिंग को बढ़ावा दे।

जिलाधिकारी गोतमारे ने यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व महान स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर उनके फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष मंजू कटरे एवं सचिव रवि सपाटे ने सभी नागरिकों से इस सामाजिक अभियान में जुड़ने की अपील की।

इस ग्रुप की खास बात ये है कि इसमें 10 साल से लेकर 81 साल तक उम्र के राइडर जुड़े हुए हैं। हर रविवार को सभी राइडर्स एक जगह इकट्ठा होते हैं और 20-25 किलोमीटर की सवारी करते हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि गत 3 वर्षों से साइकिल संडे ग्रुप 40 से अधिक सदस्यों के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के डोंगरगढ़ जा रहा है।

गोंदिया के सभी नागरिकों को हमारे साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर धावक मुन्नालाल यादव, हर्षल पवार, विजय अग्रवाल, आदेश शर्मा , पूजा तिवारी, विजय चन्ने, संकल्प खोबरागड़े, विकास टेंभरे,अमिता टेंभरे, जूनियर राइडर लभ्या, जनार्दन राव, विजय येडे, इस दिन को हर्ष और उत्साह के साथ मनाने के लिए पगरिया और अन्य राइडर्स आज उपस्थित रहे।

## बालिका वधु दामिनी पथक व ग्रामीण पुलिस टीम ने रुकवाया बाल विवाह



**बुलंद गोंदिया।** 23 जून 2023 को होने जा रहे एक बाल विवाह को रोकने में दामिनी पथक व ग्रामीण पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

गोंदिया पुलिस को गोपनीय सूचना मिली थी कि गोंदिया जिले के गोंदिया ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में दिनांक 23/06/2023 को एक नाबालिग लड़की का बाल विवाह किया जा रहा है।

ये जानकारी मिलते ही दामिनी टीम व ग्रामीण थाना पुलिस गोंदिया के उस गांव में पहुँच गई। वहां पहुँचकर संबंधित गांव के पुलिस पाटिल और सरपंच को लेकर लड़के के घर पहुंचे, उस समय शादी करने वाला लड़का उसकी मां और परिजन घर पर मौजूद थे।युवक-युवती की गहनता से जांच करने पर पता चला कि संबंधित युवक-युवती आपस में रिश्तेदार हैं। बालिका ने 11वीं की परीक्षा दी है और उसकी वर्तमान आयु 16 वर्ष 08 माह पाई गई है। चूंकि लड़की अवयस्क (नाबालिग) होने से, उक्त बाल विवाह को लड़की की मां और लड़के की मां की उचित समझाइश के बाद रद्द कर दिया गया है। ये कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोंदिया निखिल पिंगले के मार्गदर्शन में दामिनी दस्ते की मपोउपनि प्रियंका पवार, पोशि राजेंद्र अंबादे, रमेंद्र बावनकर, मपोशि पुनम मंजुटे, चालक मपोशि नेहा पाचे और पो. स्टे.गोंदिया ग्रामिण के पु.हवलदार बालाजी कोकोडे ने संयुक्त कार्रवाई कर बाल विवाह को रोकने में सफलता हासिल की।

## 30 जून से पूर्व से स्कूल शुरू करने पर होंगी कार्रवाई शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों को दी चेतावनी



**बुलंद गोंदिया।** सरकार ने 30 जून से विदर्भ में सभी स्कूलों को शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद बीच जिले के कुछ निजी संस्थानों ने 12 जून से स्कूल शुरू कर दिए हैं। व कुछ स्कूल शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। जिसे लेकर कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा ऐसे स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किए जाने के बाद शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों को 30 जून तक बंद रखें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी, ऐसी चेतावनी दी है। जिससे इन स्कूलों में हड़कंप मच गया है। गौरतलब हैं की इस समय गर्मी अपने अंतिम चरण में है. वहीं मृग नक्षत्र होने के बावजूद जिले में अभी तक तेज बारिश नहीं हुई है. मानसून की देरी के कारण नागरिकों को भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ रही है. सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों को हो रही है क्योंकि तेज धूप और जीवन अस्त-व्यस्त है. सरकार ने खुद विदर्भ में 30 जून के बाद सभी स्कूलों को शुरू करने के निर्देश दिए थे. इस बीच जिले के कुछ निजी स्कूलों ने प्रशासन के इन निर्देशों की अनदेखी करते हुए 12 जून से स्कूल शुरू कर दिए. ऐसे में छात्रों के लिए कड़ी धूप में स्कूल जाना पड़ रहा है. इन सबके मद्देनजर जिले के कुछ सामाजिक संगठनों ने इस प्रकार के स्कूलों का विरोध किया और जिला परिषद के शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराकर इन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इस बीच जिला परिषद के माध्यमिक व प्राथमिक शिक्षा विभाग ने इस पर ध्यान देते हुए पत्र जारी कर 30 जून तक स्कूलों को बंद करने के निर्देश दिए हैं और 30 जून से पहले स्कूल शुरू होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### गट शिक्षाधिकारी को निर्देश

शिक्षा विभाग को शिकायत मिली थी कि शहर के कुछ निजी स्कूल 12 जून से शुरू हो गए हैं और कुछ स्कूल शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं. शिक्षाधिकारी (प्राथमिक) डा. महेंद्र गजभिये व शिक्षाधिकारी (माध्यिमक) कादर शेख ने 15 जून को पत्र जारी कर विद्यालयों को बंद करने तथा 30 जून से पहले विद्यार्थियों के लिए कोई भी विद्यालय नहीं खोलने का आदेश दिया है।

## जिले में फीफो प्रणाली की शुरुआत हुई

**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 29 मई 2023 से FIFO (FIFO- FIRST IN FIRST OUT) प्रणाली लागू की है। प्रथम आवेदन और प्रथम निवारण प्रणाली केवल वैध चिकित्सा प्रमाण पत्र (मूल) का उपयोग कर राजस्व विभाग से तत्काल चिकित्सा प्रमाण पत्र प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करती है। किसी और को तुरंत किसी तरह का सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता। नागरिक ध्यान दें कि यह केवल सरकार द्वारा निर्दिष्ट निर्धारित अवधि के भीतर ही प्राप्त होगा।नागरिकों को अपना प्रस्ताव जल्द से जल्द नजदीकी सरकारी केंद्र या महा ई-सेवा केंद्र या सेतु सुविधा केंद्र में बिना किसी एजेंट की भूल के जमा करना चाहिए। सेतु निदेशक, महा ई-सेवा केंद्र चालक, आपका सरकार सेवा केंद्र चालक कुछ भी नहीं कर सकता है लेकिन प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपलोड कर सकता है और प्रमाण पत्र को जल्दी उपलब्ध भी नहीं करा सकता है। यह केवल ऑनलाइन डाटा एंट्री द्वारा आपका सर्टिफिकेट प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। इसकी जानकारी जिला परियोजना प्रबंधक हरिचंद्र पौणिकर ने परिपत्र के माध्यम से दी है।



## संपादकिय...


## सियासी सवाल पैदा करते हैं एनसीईआरटी की किताबों से पुराने पाठों को हटाने का विवाद

कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। आजादी के बाद जब शिक्षा नीति बनी तो उसका उद्देश्य उदारवादी ढंग से ज्ञान परंपराओं को समाहित करके बच्चों में तार्किक, वैज्ञानिक और नवोन्मेषी दृष्टि विकसित करना था। उसी ढंग से पाठ्यपुस्तकें तैयार की गईं। उन पुस्तकों को बनाने के लिए विभिन्न अनुशासनों और चिंतन-पद्धतियों के लोगों को शामिल किया गया। सबसे बड़ी बात कि पाठ्यपुस्तकों को दलीय राजनीति और सरकारी दबाव से बिल्कुल मुक्त रखा गया। मगर पिछले कुछ सालों से जिस तरह विभिन्न राज्यों और केंद्रीय संस्था एनसीईआरटी की किताबों में से पुराने पाठों को पूरा या आंशिक रूप से हटाने या नए पाठ जोड़ने को लेकर लगातार विवाद देखे जाते रहे हैं, उससे भारतीय शिक्षा-व्यवस्था पर स्वाभाविक ही सवाल उठने लगे हैं। पाठ्यपुस्तकों में राजनीतिक आग्रह या दुराग्रह आखिरकार विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। पिछले दिनों एनसीइआरटी की पुस्तकों में से कुछ पाठ हटाए गए थे। उसे लेकर पूरे देश में खासा विवाद पैदा हुआ था कि आखिर सरकार बच्चों को किस प्रकार की शिक्षा देना चाहती है। अब एनसीइआरटी की राजनीति विज्ञान और समाज विज्ञान की पुस्तकों की सलाहकार समितियों से जुड़े करीब तैंतीस विद्वानों ने पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि उन किताबों की सलाहकार समिति से उनका नाम हटा दिया जाए, क्योंकि जो किताबें उन्होंने तैयार की थीं, उनका स्वरूप अब वही नहीं रह गया है। उधर कर्नाटक सरकार ने राज्य परिषद की पुस्तकों में से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और वीर दामोदर सावरकर आदि से संबंधित पाठ पुस्तकों से निकालने और उसकी जगह नेहरू, सावित्रिबाई फुले, आंबेडकर आदि की रचनाओं को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। हालांकि कांग्रेस ने इसकी घोषणा अपने विधानसभा घोषणापत्र में ही कर दी थी। ऐसी घटनाएं दूसरे राज्यों में भी हो चुकी हैं। यह बिल्कुल हाल की प्रवृत्ति भी नहीं है। पिछले बीस सालों से इस प्रवृत्ति ने अब जैसे जड़ें पकड़ ली है। यह बहुत खतरनाक और चिंताजनक स्थिति है। बच्चों को क्या पढ़ाना है, यह इस बात से तय होता है कि भविष्य में देश को कैसा बनाना है। पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई तरह की विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। अब धीरे-धीरे शिक्षा गरीब लोगों के हिस्से से बाहर होती जा रही है। ऐसे में अगर सरकारें पाठ्यपुस्तकों में अपने नेताओं का महिमामंडन करने और विपक्षी दल के महापुरुषों का मानमर्दन करने पर तुल जाएं, तो आखिर हमारे देश की नई पीढ़ी की बुनियाद कैसी होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। जब भी पाठ्यपुस्तकें तैयार की जाती हैं तो उनमें पाठों का चुनाव करते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि उससे बच्चे को व्यावहारिक और कार्य जीवन के लिए क्या सीखने को मिल सकता है। उसमें अपने समाज, पर्यावरण, संस्कृति, सभ्यता, मानवीय मूल्यों, राजनीतिक व्यवस्था आदि से जुड़े कितने आयाम वह ग्रहण कर सकता है।

## 21 जून को ही क्यों मनाते हैं योग दिवस?

प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार करते हुए महज तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद अगले वर्ष 2015 में पहली बार विश्व ने योग दिवस मनाया।

भारत को योग गुरु कहा जाता है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग लाभकारी है। योग का अभ्यास शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है। भारत में ऋषि मुनियों के दौर से योगाभ्यास होता आ रहा है।




योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है, जिसका प्रसार अब विदेशों तक हो रहा है। विदेशों तक योग के प्रसार का श्रेय योग गुरुओं को जाता है। भारतीय योग गुरुओं ने विदेशी जमीन पर योग की उपयोगिता और महत्व के बारे में जागरूक किया। आज दुनियाभर में योग को लोग अपने जीवन में शामिल कर रहे हैं और योगासनों के अभ्यास से स्वस्थ मन और तन की प्राप्ति का प्रयास कर रहे हैं। योग की इसी उपयोगिता से सभी को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया जाता है। हालांकि योग दिवस मनाने की शुरुआत किसने, कब और कहां की, ये जानना भी रोचक है। आइए जानते हैं योग दिवस का इतिहास, महत्व और इस वर्ष की थीम।

**कब मनाया गया पहला योग दिवस?**

कोरोना काल के बाद योग का महत्व अधिक बढ़ गया। संक्रमण से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से लोग योग अभ्यास करने लगे। लेकिन इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत साल 2015 से हो गई थी। इस वर्ष ही पहली बार पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया था।

**योग दिवस का इतिहास**

27 सितंबर 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त महासभा में दुनिया के तमाम देशों से योग दिवस को मनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार करते हुए महज तीन माह के अंदर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का ऐलान कर दिया। जिसके बाद अगले वर्ष 2015 में पहली बार विश्व ने योग दिवस मनाया।

**21 जून को क्यों मनाते हैं योग दिवस?**

योग दिवस को मनाने के लिए एक दिन सुनिश्चित किया गया, जो कि 21 जून है। 21 जून को योग दिवस के तौर पर मनाने की वजह भी है। इस तारीख को उत्तरी गोलार्द्ध का सबसे लंबा दिन होता है। जिसे ग्रीष्म संक्रांति कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार, ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य दक्षिणायन होता है। सूर्य दक्षिणायन का समय आध्यात्मिक सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए असरदार है। इस कारण प्रतिवर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 की थीम**

योग दिवस 2023 की थीम वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग है। वसुधैव कुटुंबकम का अर्थ है- धरती ही परिवार है। इस थीम से तात्पर्य धरती पर सभी लोगों के स्वास्थ्य के लिए योग की उपयोगिता से है।

## जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा शहर

### भव्य रथयात्रा में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल







**बुलंद गोंदिया।** श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति व न्यू उत्कल घसिया समाज गौशाला वार्ड गोदिया द्वारा श्री जगन्नाथ महोत्सव के अवसर पर भव्य जगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा निकाली गई । जिसमें संपूर्ण शहर का भ्रमण किया तथा जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा गोंदिया शहर गूंज उठा जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष अनुसार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आयोजन श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर सेवा समिति व न्यू उत्कल समाज गौशाला वार्ड द्वारा श्री जगन्नाथ मंदिर गोंदिया से आयोजित किया जाता है। जिसमें भगवान जगन्नाथ प्रभु की रथ यात्रा निकाल कर संपूर्ण शहर का भ्रमण किया जाता है।

उपरोक्त उपरोक्त आयोजन 19 जून से प्रारंभ हुआ जिसमें प्रातः 9:00 बजे नेत्र उत्सव, 10:30 बजे नवयुवक दर्शन, संध्या 7:30 बजे माल्यान छेना भोग आरती की गई। वहीं मंगलवार 20 जून को सुबह 6:00 बजे मंगल आरती के उपरांत 2:00 बजे रथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। उपरोक्त रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गन वह महिलाएं भी उपस्थित थे।

रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया गया जिसमें इस दौरान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा नृत्य व वाद्य का प्रदर्शन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से ढोल, नगाड़े, बैंड बाजे शामिल थे। श्री जगन्नाथ मंदिर से शुभ आरंभ हुई रथयात्रा ने चांदनी चौक, दुर्गा चौक, गांधी प्रतिमा, मेन रोड सहित शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया। रथ यात्रा भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर रथ यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा करते हुए भगवान श्री जगन्नाथ प्रभु का पूजन किया गया। यात्रा के समापन के पश्चात शाम 7:30 बजे मंदिर परिसर में महाप्रसाद आयोजित किया गया।

इसके पश्चात बुधवार 28 जून को बड़ा गुंजा दोपहर 2:00 बजे तथा महाप्रसाद शाम 7:30 बजे आयोजित होगा। उपरोक्त आगामी होने वाले आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आव्हान जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति व उत्कल घसिया समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया है।

## गांव में शराब बिक्री करते पाए जाने पर लगेगा एक लाख रुपए का जुर्माना

### » विशेष ग्रामसभा में ग्रामीणों ने एकमत से लिया निर्णय

**गोरेगांव** -गोरेगांव तहसील के ग्राम गिधाड़ी में गुरुवार, 15 जून को महिला ग्रामसभा तथा शुक्रवार, 16 जून को हुई विशेष विशेष ग्रामसभा में महिलाओं ग्रामसभा में महिलाओं व नागरिकों ने एकजुट होकर गांव में अवैध रूप से देशी, विदेशी शराब बिक्री बंदी करने का निर्णय लेकर आगे से कोई भी गांव में शराब बिक्री करते हुए पाए जाने पर उस पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा निर्णय लिया गया। इसके साथ ही अवैध शराब बिक्री होने की जानकारी देने पर 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा और शेष 50 हजार रुपए गांव के विकास पर खर्च किया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामसभा में लिए गए इस निर्णय से गांव में निश्चित रूप से शराब बंदी होगी, ऐसा विश्वास ग्रापं के पदाधिकारियों ने व्यक्त किया। यहां बता दें कि गोरेगांव तहसील के ग्राम गिधाड़ी में तकरीबन 15 से 18 लोग अवैध शराब बिक्री करते हैं। जिससे गांव के युवक शराब के आदी होते जा रहे हैं। इसको देखते हुए गांव के जागरूक नागरिकों ने कई बार गांव में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया। लेकिन अवैध शराब बिक्री बंद नहीं हो सकी। इस बीच देशी शराब विक्रेता ने यहां स्थायी रूप से दुकान डालने के लिए ग्राम



पंचायत से एनओसी के लिए आवेदन किया। जिससे सरपंच, उपसरपंच, ग्रामसेवक ने देशी शराब दुकान लाइसेंसधारक को नाहरकत (एनओसी) प्रमाणपत्र दिया जाए या नहीं? इसके लिए गुरुवार, 15 जून को महिला ग्रामसभा व शुक्रवार 16 जून को विशेष ग्रामसभा ली गई थी। इसके पूर्व महिलाओं ने गांव में जनजागृति मोर्चा निकाला तथा गांव के अवैध शराब बिक्री करने वालों को चेतावनी दी व ग्राम पंचायत भवन में आयोजित ग्रामसभा में लाइसेंसधारक देशी चिल्लर दुकान लगाने के लिए नाहरकत प्रमाणपत्र न दिया जाए, विदेशी शराब की बिक्री करते हुए पाए जाने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाने का निर्णय ग्रामसभा में सर्वसहमति से लिया गया। गिधाडी गांव के निर्णय की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

## अवैध मुरुम उत्खनन, जेसीबी व ट्रैक्टर जब्त

**बुलंद गोंदिया** -उत्तर देवरी वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले मुल्ला सहवन परिक्षेत्र के शिलापुर संरक्षित वन कक्ष क्र.583 के गट क्र. 397 में पेट्रोलिंग के दौरान वन अधिकारी व कर्मचारियों ने अवैध रूप मुरुम का अवैध उत्खनन कर रहे जेसीबी क्र. एमएच 35 ङ्क एआर 5873 व ट्रैक्टर क्र. एमएच 35 ङ्क एजी 0712 को जब्त किया. इस मामले में जेसीबी चालक कारूटोला तहसील सालेकसा निवासी सागर देवराज बहेकार (20) और ट्रैक्टर चालक शिलापुर तहसील देवरी निवासी सुधाकर रूपचंद भोयर (42) के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. इस



मामले की जांच क्षेत्र सहायक मुल्ला डी.डी. मेश्राम व वड़ेगांव के बीट रक्षक सुनील उके कर रहे है. यह कार्रवाई उपवन संरक्षक गोंदिया कुलराजसिंग, सहायक वन संरक्षक प्रदीप पाटील के मार्गर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी एस.एम. धात्रक की देखरेख में मुल्ला के क्षेत्र सहायक डी.डी. मेश्राम, एस.एस. कुंभरे, वड़ेगांव के बीट रक्षक सुनील उके, वनरक्षक अजय अंबादे, के.एम. बर्गे, एस.एस. मुसले व वाहन चालक सुजित मेश्राम ने की.

## गटर योजना के काम के कारण सड़कों पर गड्ढे

**बुलंद गोंदिया** -नगर परिषद क्षेत्र में पिछले दो साल से गटर योजना का काम चल रहा है. तेजी से चल रहा यह काम शहर की कई सड़कों को क्षतिग्रस्त कर चुका है. वहीं पाइप लाइन बिछाने के बाद गटर योजना को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी संबंधित कार्य करने वाली कंपनी की है. बरसात के दिन शुरू हो गए हैं और काम जारी है. सड़क के बीचों-बीच खुदाई चल रही होने के कारण यह सड़कें मिट्टी से पटी हुई हैं और बड़े-बड़े गड्ढे भी हैं. जिससे इस सड़क पर हादसों की संभावना बढ़ गई है और इसका वास्तविक अनुभव वार्ड क्र. 6 में देखने को मिल रहा है. नगर परिषद क्षेत्र में गटर योजना को महत्वाकांक्षी योजना के रूप में देखा जा रहा है. करीब छह साल पहले स्वीकृत हुई इस योजना को भी बढ़ा हुआ फंड मिला है. इस योजना का काम करीब दो साल पहले शुरू हुआ था. काम शुरू होने के बाद शहर के कई जनप्रतिनिधियों ने कार्य की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन व मुख्य अधिकारी से शिकायत की. फिर भी काम में कोई सुधार नहीं हुआ. सड़क के बीच में गटर की पाइप लाइन डाली जा रही है. पाइप डालने के बाद सड़क की मरम्मत का काम भी संबंधित कंपनी को करना होता है. लेकिन शहर के कई हिस्सों में आज भी सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है. वार्ड क्र. 6 का कहना है कि पूर्व पार्षद साफ-सफाई और काम को लेकर विशेष रूप से सतर्क रहते हैं. इसी वार्ड में अनियमितता की तस्वीर दिखाई दे रही है. सड़क की खुदाई के बाद पाइप लाइन बिछाई गई. इसके बाद खुदाई में मिट्टी भर दी गई. दो दिनों की बारिश के कारण सड़क के बीच की मिट्टी खोद दी गई है और सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है. जिससे पता चलता है कि इस काम की गुणवत्ता क्या है और कितनी पारदर्शी तरीके से सड़क की मरम्मत की जा रही है.



## पिछडावर्गीय कर्मचारियों की समस्याओं को तत्काल हल करें

### गुट विकास अधिकारी लोहबरे को सौंपा ज्ञापन

**बुलंद गोदिया**-पिछड़ावर्गीय कर्मचारियों की लंबित मांगे तथा विविध समस्याओं को तत्काल हल करने की मांग को लेकर कास्ट्राइब कर्मचारी महासंघ व कास्ट्राइब शिक्षक संगठन गोंदिया जिले की ओर से गुट विकास अधिकारी पंचायत समिति गोंदिया लोहबरे को महासंघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वासनिक के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। साथ ही नियोजित बैठक में मांगों पर चर्चा की गई। इस समय लोहबरे ने पिछड़ावर्गीय कर्मचारियों की लंबित मांगे तथा विविध समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया है। सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सभी कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग के तहत 10, 20 व 30 वर्ष नियमित सेवा के बाद आश्वासित प्रगति योजना लागू की जाए, लंबित वरिष्ठ श्रेणी व चयन श्रेणी प्रस्ताव जिप गोंदिया को भेजा जाए, सातव वेतन आयोग की मंजूरी के लिए सेवा पुस्तिका को जिप में भेजा जाए, स्वास्थ्य, पशुधन विभाग सहित सभी विभागों का मासिक वेतन नियमित किया जाए, सभी विभागों का गोपनीय रिपोर्ट प्रतिवर्ष संबंधित कर्मचारियों को दिया जाए, कर्मचारियों की दुय्यम सेवा पुस्तिका तैयार करने संदर्भ में कार्यवाही की जाए, आंगनवाड़ी सेविकाओं का बकाया प्रवास भत्ता तत्काल मंजूर किया जाए आदि मांगे शामिल है। इस समय प्रतिनिधि मंडल में ओमप्रकाश वासनिक सहित कास्ट्राइब शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष संजय उके, प्रवीण गजभिये, वीरेंद्र भावते, जितेंद्र बोरकर, अजय शहारे, जे. आर. रामटेके, रोशन गजभिये, अमित गडपायले, संजय भावे आदि उपस्थित थे।

## गार्डन के खिलौनों से बच्चों की जान को खतरा -सुभाष गार्डन में झूले टूटे ,कई बच्चे घायल

**बुलंद गोंदिया** -गोंदिया शहर में मनोरंजन के लिए जयस्तंभ चौक के पास एकमात्र गार्डन है. पिछले कुछ वर्षों से नगर परिषद प्रशासन द्वारा गार्डन की ओर ध्यान नहीं दे रहा है. गार्डन में लगे झूलों और अन्य खेल सामग्री की टूट-फूट हो गई है. जिससे बच्चों की जान को खतरा है. इस पर खेलते हुए कई बच्चे घायल हो चुके हैं. लेकिन नगर परिषद प्रशासन और पार्षदों, नेताओं का इस ओर ध्यान नहीं है. गोंदिया जिला मुख्यालय का नगर पालका ए श्रेणी का है. शहर का कब्जा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है. 2011 की जनगणना के अनुसार शहर की जनसंख्या 1 लाख 30 हजार 813 है. जबकि क्षेत्रफल 18.08 वर्ग किलोमीटर तक फैला हुआ है. गोंदिया नगर परिषद की स्थापना 1920 में हुई थी. पिछले चार वर्षों से गोंदिया नप को भी क्षेत्र के गांवों को जोड़कर महानगर पालिका में अपग्रेड करने पर विचार किया जा रहा है. उसके लिए सर्वे भी हो चुका है. लेकिन शहर में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं, नागरिकों के लिए सुविधाएं नहीं बनाई गई हैं. पिछले कई सालों से सुभाष गार्डन ही साधन बना हुआ है. रख-रखाव और मरम्मत के अभाव में इसे भी क्षति का सामना करना पड़ा. पहले यहां पक्षी और जंगली जानवर भी रहते थे. लेकिन अब ऐसा नहीं है. बच्चों के खेलने के लिए झूले, स्लाइड और व्यायाम के उपकरण हैं. लेकिन छोटे बच्चों के लिए वर्षों से लगाए गए झुले और घसरनपट्टी की मरम्मत नहीं हो पाई है. या इसके स्थान पर कोई अन्य स्थापित नहीं किया गया था. इसलिए उनमें जंग लग गया है. सामग्री जगह-जगह टूट गई है और बच्चे उस पर खेलते हैं. कई बार बच्चे उन सामग्री से गिरकर घायल भी हो जाते है. कई लोग जंग लगे और टूटे खिलौनों की चपेट में आने से घायल भी हुए. लेकिन अभी तक इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया है.



# जनता से पारिवारिक संबंध बनाकर पार्टी को मजबूत करें कार्यकर्ता-पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन



**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रवादी कांग्रेस की अर्जुनी मोरगांव तहसील की एक महत्वपूर्ण सभा पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में कृषि उपज उत्पन्न बाजार समिति के सभागृह में संपन्न हुई। जिसमे सर्वप्रथम सांसद प्रफुल पटेल के राष्ट्रवादी कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर तहसील कार्यकारिणी की ओर से बधाइयां दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने कहा कि कार्यकर्ता जनता से पारिवारिक पारिवारिक संबंध बनाकर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करें। आगे उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में सांसद प्रफुल पटेल का चयन होने पर आगामी समय में सांसद पटेल के गोंदिया जिले में आगमन होने पर सत्कार का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी आप सभी की है साथ ही संगठन में नियोजित तरीके से कार्य किए जाने पर सफलता निश्चित प्राप्त होती है। तथा चुनाव कार्यकर्ताओं के बल पर ही जीता जाता है संगठन की मजबूती बूथ समिति के मजबूतीकरण से ही प्राप्त होती है तथा आपसी मतभेद को भूलकर बूथ समिति के सभी प्रमुख द्वारा का नई कार्यकारिणी का निर्माण करने की जवाबदारी प्रत्येक गांव के कार्यकर्ताओं की है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेंद्र जैन, परशुरामकर,नरेश माहेश्वरी, यशवंत गणवीर, लोकपाल गहाणे, यशवंत परशुरामकर, भोजराम रहेले, राकेश जायस्वाल, दाणेश साखरे, किशोर ब्राह्मणकर, नारायण भेंडारकर, नामदेव डोंगरवार, हिरालाल शेंडे, सुशीला हलमारे, किरणताई कांबळे, आम्रपाली डोंगरवार, योगेशभाऊ नाकाडे, उद्धव मेहंदळे, मोरेश्वर रहेले, हेमकृष्ण संग्रामे, रतिराम राणे, डॉ दीपक रहेले, शालिकराम हातझाडे, नरेंद्र बनपुरकर, दिलीप लाडेकर, नीलकंठ हुमणे, आर के जांभुळकर, संजय ईश्वर, आकाश ठवरे, मोहन साखरे, शिवलाल वाघमारे, यशवंत शहारे, योगराज हलमारे, विनायक मस्के, प्रशांत नाकाडे, सोमदास गणवीर, बाबुलाल नेवारे, सुरेश खोब्रागडे, विनोद सहारे, अजय सहारे, प्रेमलाल नागपुरे, सर्वेश धांडे, लेकराम कापगते, भगवान मस्के, नानाजी पिंपळकर, प्रमोद डोंगरे, देवानंद नंदेश्वर, श्रावण मेंढे, किशोर आसाराम ब्राह्मणकर, कांतीलाल डोंगरवार, स्नेहा टेम्भूर्णे, विलास टेम्भूर्णे, उषा वाढई, वनिता मेश्राम, कुंदा भोयर, निषाताई मस्के, शालू बनपुरकर, संगीता कापगते, हर्ष राऊत, अनिशा पठाण, सुनीता जायस्वाल, माधुरी बनपूरकर, माधुरी पिंपळकर, विलास रामटेके, रौनक ठाकूर सहित बड़ी संख्या में पक्ष पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षा,स्वास्थ व महिलाओं के रोजगार निधी में कोई कमी नहीं रहेगी-सभापति सौ.पुजा सेठ



**बुलंद गोंदिया।** कुड़वा जिला परिषद अंतर्गत आने वाले ग्राम कुड़वा , कटंगी कला , टेमनी, बरबसपुरा ग्राम की महिला बचत के ग्राम संघ की वार्षिक सभा आयोजित की गयी जिसमे सैकड़ों महिलाओं उपस्थिति थी। इस अवसर पर सौ पुजा अखिलेश सेठ सभापति समाज कल्याण विभाग जिला परिषद, गोंदिया के हस्ते कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर सौ पुजा सेठ ने कहा कि आप सभी जनता के आशिर्वाद से एक वर्ष पूर्व मुझे जिला परिषद सदस्य चुना गया, उसके बाद देश के नेता प्रफुल भाई पटेल, एवं राका नेता राजेंद्र जैन ने जिला परिषद में समाज कल्याण विभाग का सभापति बनाया, और मेरी सोच हैं कि भले ही एक रास्ता या एक चावड़ी कम बनेंगी चलेगा लेकिन स्वास्थ , शिक्षा, और महिलाओं के रोजगार में किसी भी प्रकार की निधी में कोई कमी नहीं रहेगी। मेरे विगत एक वर्ष के कार्यकाल में चारो ग्राम की सैकड़ों विद्यार्थिनी के लिए मानव विकास के माध्यम से साईकिल वितरीत की गई, कटंगी कला में महिलाओ के लिए प्रसूति गृह बनाया जा रहा है। नई स्कूल ईमारत का निर्माण काम, एवं पुरानी ईमारत की दुरुस्ती का काम शुरू है, नई आंगनवाड़ी का बांधकाम, और पुरानी ईमारत की दुरुस्ती शुरू है, सौर ऊर्जा चलित पानी टंकी का काम शुरू है, चारो ग्राम में अतिशीघ्र एरेलिक बोर्ड लगने वाले है, तीनो ग्राम में प्रवेश द्वार की प्रक्रिया शुरू है, ग्राम बरबस पूरा में स्ट्रीट लाइट का कार्य प्रगति पर है, जलद ही समाज मंदिर की दुरुस्ती की जाएगी, दिव्यंगो के लिए नई नई थेरेपी के लिए कुड़वा में थेरेपी सेंटर, उसी प्रकार पशु वैदकिय दवाखाना में नये शेड निर्माण कार्य शुरू है। गोंडिटोला से कटंगी नाके तक टप्पा टप्पे पर सिमेंट रोड़ बनाया जा रहा है, जिला परिषद शाला में विद्यार्थियों के शौचालय निर्माण कार्य शुरू है, समय समय पर आरोग्य शिविर आयोजित किया जाता है, चारो ग्राम में अनेक नई बोरवेल की गई है। टेमनी ग्राम में शिव मंदिर में सीमेंट रोड़, और शमशान भूमि में सौंदर्य करन किया जाएगा., और सौ वर्षा बेन पटेल से प्रेरित होकर बचत गट के माध्यम से महिलाओ रोजगार दिलाने के लिए प्रयास करते रहेंगे। ऐसे अनेक कार्य प्रत्येक सार्वजनिक क्षेत्रों में एवं व्यक्तिगत लाभ प्रत्येक नागरिकों तक मिले यही मेरा लक्ष्य है। इस अवसर महिलाओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया था, अतिथियों के हस्ते बचत गट की महिलाओं को पुरस्कार वितरण किया गया.। कार्यक्रम में, बालकृष्ण पटले, सरपंच, सौ मोहिनी वराडे, सरपंच, योगेश पटले सरपंच, लिविन डोंगरे, सरपंच, सौ कीर्ति पटले, सौ रविकला नागपुरे , जिला अभियान व्यवस्थापक नरेन्द्र रहांगडाले, सौ रीता मेश्राम, सौ ममता राने, सौ इंदु टेंभरे . दुर्गेश बघेले, सोमेश्वरी कटरे रोशनी मेश्राम, रमेश लोनारे उपस्थित थे।

# गोंदिया जिला अजिंक्यपद ताइक्वांडो स्पर्धा मेजर ध्यानचंद सभागृह, आमगांव में आयोजित 200 से अधिक खिलाड़ी ने लिया भाग

**बुलंद गोंदिया। ( आमगांव )-** महाराष्ट्र राज्य क्रीड़ा परिषद महाराष्ट्र शासन से मान्यता प्राप्त ताइक्वांडो असोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र, मुंबई अंतर्गत गोंदिया जिला ताइक्वांडो असोसिएशन द्वारा 17वीं गोंदिया जिला अजिंक्यपद ताइक्वांडो स्पर्धा 2023 का आयोजन मेजर ध्यानचंद सभागृह, आमगांव में आयोजित किया गया, जिसमे पूरे जिले से करीब 200 से अधिक खिलाड़ीयो ने भाग लिया। इस स्पर्धा में पूरे गोंदिया जिले के सभी तहसील अकादमी की टीम ने हिस्सा लिया था जिसमें गोंदिया जिले से करीब 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उज्जवल आयुर्वेद हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर अजय बिरनवार, गोंदिया जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के संस्थापक सचिव एवं ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र ( मुंबई )के उपाध्यक्ष दुलीचंद मेश्राम प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उपस्थित अतिथियोने सभी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया, इस अवसर पर प्रशिक्षक अमित मेश्राम, नरेश बोहरे, कमलेश बारेवार, निलेश फुलबांधे, आकाश पटले, ओमेश्वर तांडेकर, धर्मेंद्र दमाहे, निखिल डोंगरे, भारती चचाने, प्रियंका राऊत, स्वप्निल ठाकरे, सचिन बावनकर, टिकेश्वर सोनवाने, एवं जिले के सभी ताइक्वांडो प्रशिक्षक गण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही राज्य, राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। व सभी प्रशिक्षको को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमित मेश्राम ने एवं आभार प्रदर्शन नरेश बोरे ने किया।



# ज्ञान के मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज को अवश्य याद करना चाहिए-केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी



**बुलंद गोंदिया ( नागपुर ) -** विश्वविद्यालय ज्ञान के मंदिर हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज, जो हम सभी के आदर्श हैं, उन्हें इस मंदिर में अवश्य याद किया जाना चाहिए, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडवानी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज स्मृति समिति की ओर से नागपुर विश्वविद्यालय परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित करने के भूमिपूजन समारोह के बाद वसंतराव देशपांडे ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे. विधायक अनिल देशमुख, विधायक अभिजीत वंजारी, विधायक मोहन मते बबनराव ताईवाडे, तांजावर से श्रीमंत शिवाजी राजे भोसले, , राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुभाष चौधरी, डॉ. श्रीमंत राजे मुधोजी भोसले, सचिव प्रोफेसर जोगेंद्र कवाडे, मंगेश ड्यूक आदि उपस्थित थे।

ज्ञान मंदिर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, आने वाले समय में छात्रों को यहां छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर सामग्री उपलब्ध होगी। विश्वविद्यालय परिसर में ऑडिटोरियम सेंटर बनाया जाएगा। इस स्थान पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज की जीवनी उपलब्ध होगी। राष्ट्रसंत की ग्राम गीता, ज्ञानेश्वरी की सभी पुस्तकों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करके डिजिटाइज़ किया जाएगा। राष्ट्रीय संत के नाम की तरह ही विश्वविद्यालय में छत्रपति शिवराय की प्रतिमा प्रेरणादायी होगी। यदि हमें ज्ञान से भरी पीढ़ी का निर्माण करना है तो छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श को उनके सामने रखना आवश्यक है।

राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय का यह शताब्दी वर्ष है और इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज स्मारक समिति के माध्यम से यह प्रतिमा स्थापित की जाएगी। प्रतिमा निर्माण का कार्य जनभागीदारी से किया जाएगा। स्मारक समिति ने नागपुर विश्वविद्यालय से जुड़े पूर्व छात्रों एवं समाज के परोपकारी व्यक्तियों से जनभागीदारी के इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### ऐसी होगी प्रतिमा

स्मारक समिति ने बताया है कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित छत्रपति शिवराय की प्रतिमा भव्य होगी। प्रतिमा के स्तंभ 20 फीट लंबे, 15 फीट चौड़े और 9 फीट ऊंचे हैं, जबकि इन स्तंभों पर खड़ी विराजमान मूर्ति 32 फीट ऊंची है और इसके ऊपर का छत्र 7 फीट ऊंचा है। पूरी तरह से कांसे की धातु से बनने वाली इस प्रतिमा का वजन 10 हजार किलोग्राम होगा। प्रसिद्ध मूर्तिकार सोनल कोहाड इस मूर्ति का निर्माण करेंगी।

# जिले में टीबी के संदिग्ध मरीजों की निःशुल्क ब्रोंकोस्कोपी जांच

**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र में तपेदिक के संदिग्ध मरीजों की निःशुल्क ब्रोंकोस्कोपी जांच की गई है। क्षय रोग एक संक्रामक रोग है। तपेदिक संक्रामक रोगों से मृत्यु के शीर्ष 10 प्रमुख कारणों में से एक है। इसलिए, पूरी दुनिया में और भारत में तपेदिक के मामलों और तपेदिक के कारण होने वाली मौतों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2025 तक देश से तपेदिक को खत्म करने का लक्ष्य है। तपेदिक का शीघ्र निदान और शीघ्र उपचार आवश्यक है। अतः जिले के प्रत्येक तालुका एवं जिला स्तर पर संदिग्ध तपेदिक रोगियों के शीघ्र निदान हेतु निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क जांच की जा रही है।

निःशुल्क ब्रोंकोस्कोपी डॉ. प्रदीप जुळा देवरी और डॉ. शिरीष रत्नपारखी गोंदिया द्वारा की जाती है। इसके साथ ही डॉ. घनश्याम तुरकार गोंदिया एमआरआई व सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, एक्स-रे की सुविधा नि:शुल्क मुहैया कराते हैं। डॉ. आदर्श अग्रवाल गोंदिया और सहारा नर्सिंग होम गोरेगांव निःशुल्क सोनोग्राफी जांच कराते हैं। डॉ. संजय माहुले गोंदिया में एफएनएसी, साइटोलॉजी, हिस्टोपैथोलॉजी, बायोप्सी और अन्य जांच निःशुल्क की जाती हैं। ग्लोबल हेल्थ केयर पैथोलॉजी गोंदिया एमडीआर टीबी रोगियों के लिए मुफ्त रक्त परीक्षण प्रदान करता है। इसके साथ ही डॉ. अमोल धुर्वे तिरोडा निःशुल्क सोनोग्राफी व छाती का नि:शुल्क एक्स-रे जांच कराते हैं। डॉ. प्रदीप जुळा देवरी, डॉ. विकास डोये सालेकसा,डॉ.ए.के.कापगते अर्जुनी/मोरगाव, सड़क अर्जुनी डिजिटल एक्स-रे सेंटर सड़क/अर्जुनी में मुफ्त चेस्ट एक्स-रे चेक-अप उपलब्ध हैं। उपरोक्त सभी स्थानों पर क्षय रोग के संदिग्ध मरीजों की नि:शुल्क जांच की जाती है।

ताकि सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र और निजी क्षेत्र से आने वाले संदिग्ध तपेदिक रोगियों पर कोई खर्च न हो और उनका जल्द निदान हो सके और इलाज जल्दी शुरू हो सके। जिले के जन स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, निजी स्वास्थ्य क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मी एवं निजी चिकित्सा व्यवसायी तथा संबंधित नागरिक इन सभी नि:शुल्क सुविधाओं का लाभ उठायें और गोंदिया जिले को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करने का आव्हान .जि.प.के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटील ,क्षय रोग अधिकारी डॉ. नितिन कापसे एवं जिला शल्य चिकित्सक डॉ. अमरीश मोहबे ने किया हैं ।

# गोरेगांव नपं पर निकला आवास लाभार्थियों का मोर्चा




**बुलंद गोंदिया**-स्थानिय नगर पंचायत के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया, लेकिन अभी तक दुसरी तो किसी को तिसरी किश्त अभी तक आवास लाभार्थियों के खातों में जमा नहीं की गई है। राशि तत्काल जमा की जाए इस मांग को लेकर आज सोमवार 19 जून को गोरेगांव नगर पंचायत कार्यालय पर आयटक के राज्य उपाध्यक्ष हौसलाल रहांगडाले के नेतृत्व मे मोर्चा निकालकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस संदर्भ में जानकारी दी गई कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गोरेगांव नगर पंचायत के लाभार्थियों को वर्ष 2018-19 में आवास निर्माण का लाभ दिया गया। लाभार्थियों ने उधार पर सामग्री खरीदकर आवासों का निर्माण किया। लेकिन 3 वर्ष बीत गए अनेक लाभार्थियों को दुसरी व तिसरी अनुदान की किश्त अदा नहीं की गई है। कई बार मांग की गई लेकिन इस ओर प्रशासन की ओर से अनदेखी ही की गई। इसी प्रकार नगर के इंदिरानगर व चंद्रपुरटोलीवासियों को जमीन के पट्टे दिए जाए आदि मांगों का समावेश था। मोर्चे मे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी खेत मजदूर युनियन जिला सचिव प्रल्हाद उके,कल्पना डोंगरे,कॉ गुणंतराव नाईक,नारायण भलावी,छाया धमगाये,कल्पना सेवटे, जैतूरा न्यायकरे आदी सम्मिलीत हुये थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल


**गोंदिया**-आमगांव पुलिस थानांतर्गत आमगांव-गोंदिया मार्ग पर ग्राम ठाणा में स्थित माही ढाबे के पास एक तेज रफ्तार चौपहिया वाहन के चालक ने फरियादी वार्ड क्र. 2 गोरठा निवासी रघुनाथ परसराम पाथोडे (47) के चचेरे भाई दीनदयाल काशिराम पाथोडे (36) की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आमगांव पुलिस ने भादंवि की धारा 279, 337, 338, 427 एवं मोवाका की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया है।

# आभूषणों पर किया हाथ साफ



**गोंदिया**-आमगांव पुलिस थानांतर्गत किंडगीपार निवासी फरियादी पूनम पाऊलझगडे (39) 18 जून को दोपहर में अपने मायके साखरीटोला गई थी। 19 जून को सुबह 6 बजे के दौरान उसके घर में किराए से रहने वाले किराएदार ने मोबाइल पर उसे फोन कर जानकारी दी कि उसके घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है और अंदर के दरवाजे भी खुले दिख रहे हैं। जिस पर फरियादी तत्काल साखरीटोला से अपने घर वापस आई तो उसे घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ दिखाई दिया। अंदर जाने पर बेडरूम में रखी अलमारी का ताला भी टूटा हुआ था।

# श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा, ट्रस्ट बोर्ड की कार्यकारिणी घोषित-अध्यक्ष बने संतोष पुरोहित



**गोंदिया।** श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा ट्रस्ट बोर्ड की कार्यकारिणी हाल ही में घोषित की गई। इस ट्रस्ट बोर्ड की कार्यकारिणी में अध्यक्ष के रूप में संतोष रामस्वरूप पुरोहित को स्थान दिया गया।

ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष संतोष पुरोहित ने श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों व कार्यसमिति की घोषणा करते हुए उपाध्यक्ष के रूप में रमेशचंद्र जगदीश प्रसाद जोशी, राजकुमार सत्यनारायण तिवारी, सचिव के रूप में आदेश रामलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष के रूप में एड. हर्षवर्धन बालकृष्ण भादुपोते, को नियुक्त किया।इसी तरह कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. गेंदलाल मिश्र, शिवकुमार गिरधारीलाल शर्मा, विजय लाटा, शिवकुमार रामनारायण शर्मा, पं. दिनेशकुमार बिहारीलाल शर्मा, महेशकुमार पुरोहित, पं. कचरूलाल तिवारी, ललित शर्मा, महेंद्र पुरोहित एवं अनिरुद्ध पांडे को नियुक्त किया गया।

# बीज उर्वरकों की गुणवत्ता नियंत्रण हेतु नियंत्रण कक्ष की स्थापना

## » किसान ठगी की शिकायत तत्काल करे



**बुलंद गोंदिया।** जिले में खरीफ सीजन में गुणवत्तापूर्ण बीजों, खाद आपूर्ति की काला बाजारी रोकने तथा किसानों के साथ ठगी होने की बात सामने आने पर सीधे कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करायें. (कंट्रोल रूम), जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी हिंदूराव चव्हाण ने बताया। किसानों की समस्याओं को लेकर कंट्रोल रूम में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। किसानों को बीज, खाद और कीटनाशक खरीदने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए महाराष्ट्र सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में किसानों की समस्याओं और गुणवत्ता, मूल्य, भंडारण और इनपुट के लीक होने की हर शिकायत का निवारण किया जाएगा। जिला अधीक्षक कृषि पदाधिकारी, गोंदिया ने किसानों से अपील की है कि बीज एवं खाद क्रय का बिल नहीं मिलने पर शिकायत निवारण कक्ष में अपना नाम व पूरा पता तथा शिकायत की प्रकृति सहित शिकायत दर्ज करायें. नियंत्रण कक्ष 15 मई से 15 अगस्त 2023 तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक खुला रहेगा। संपर्क फोन नंबर 7218817577 है और यह नंबर शिकायत दर्ज करने के लिए समर्पित है। यदि किसान शिकायत करना चाहते हैं तो उपरोक्त नम्बर पर शिकायत दर्ज करायें। कृषि विभाग ने बताया है कि उक्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेकर किसानों की शिकायत का निराकरण किया जायेगा।

# आंबेडकरवादी संघर्ष पार्टी ने दिया विभिन्न मांगो का ज्ञापन

**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता खातिया )** - आंबेडकरवादी संघर्ष पार्टी की ओर से विभिन्न मांगो का निवेदन उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार मानसी पाटील को दिया गया। इन मांगो मे मुख्य रूप से श्रावन बाढ, निराधार, दिव्यांग,विधवा महिला इन्हे मिलने वाली आर्थिक सहायता राशि हर माह एक निश्चित तिथि मे समय पर दिया जाये ,श्रावन बाढ, निराधार, दिव्यांग, विधवा महिला इन्हे बढती महंगाई के इस दौर मे आर्थिक सहायता राशि मे वृद्धि कर 6000 रूपये महिना किया जाय,सुशिक्षीत बेरोजगारो को नौकरी दि जाय या फिर उन्हे बेरोजगार भत्ता दिया जाय ऐसी विभिन्न मांगो को लेकर मोर्चा निकालकर निवेदन दिया गया।

इस अवसर पर आंबेडकरवादी संघर्ष पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आय.एल.नदांगवली,जिला उपाध्यक्षा मनोहर भावे, के व्ही.एम.चौरे,मनुरमा डोंगरे,अजय घरडे,बबलु डोंगरे, संतोष डोंगरे, परसवाड़ा के राधेलाल चौधरी,बबली बोहरे,चैतराम गोरमाडे,बबीता नंदागवली, कमलाबाई हनवते,इंदुबाई हनवते आदि व श्रावण बाढ, निराधार, विधवा महिला लाभार्थि प्रमुखता से उपस्थित थे।

# कृत्रिम पैर व हाथ प्रत्यारोपण निशुल्क शिविर का आयोजन जल्द ही गोंदिया में, सैकड़ों लाभार्थियों को मिल चुका लाभ





**बुलंद गोंदिया।** हरि कृष्णा फाउंडेशन बालोतरा वह तासी सेवा केंद्र के माध्यम से गोंदिया जिले में कृत्रिम हाथ का शिविर लगाकर सैकड़ों लाभार्थियों को इसका लाभ दिया गया है। जिससे वे फिर से एक नई उमंग के साथ अपना सामान्य जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसके साथ ही अब कृत्रिम पैर लगाने के लिए शिविर का आयोजन जल्द ही गोंदिया में आयोजित किया जाएगा।

गौरतलब है कि किसी हादसे या दुर्घटना में अपना हाथ पैर गवा चुके व्यक्तियों के जीवन में अंधेरा छा जाता है, किंतु अब उनके इस अंधेरे जीवन में एक नई रोशनी लाने का कार्य निरंतर हरि कृष्णा फाउंडेशन व तासी सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में निरंतर किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत कृत्रिम हाथ लगाने के शिविरों का आयोजन अब तक अनेकों बार गोंदिया में आयोजित हो चुका है जिसमें सैकड़ों लाभार्थियों को इसका लाभ मिल चुका है तथा वे अपने अंधियारी जिंदगी में एक नई रोशनी के साथ फिर से अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

### कृत्रिम पैर के शिविर का जल्द ही आयोजन

जिन व्यक्तियों के पैर किसी दुर्घटना वस कट गए हैं तथा वे चल नहीं पाते ऐसे व्यक्तियों के लिए आधुनिक तकनीकी से निर्मित कृत्रिम पैर लगाने का निशुल्क कार्य किया जाएगा। जिसके लिए जल्द ही गोंदिया में शिविर आयोजित होंगा यह कृत्रिम पैर लगने के पश्चात लाभार्थी व्यक्ति चल फिर सकने के साथ ही अपने जीवन के सामान्य कार्य भी कर सकता है। साथ ही सीड़ियों पर चढ़ना ,दौड़ना आदी उसके लिए संभव हो रहा है।

साथ ही कृत्रिम हाथ शिविर के अंतर्गत जिन व्यक्तियों के हाथ कोन्हीं के आगे कटे हुए हैं तथा मूल हाथ का कम से कम चार इंच का हिस्सा मौजूद हो ऐसे व्यक्तियों को अमेरिका में निर्मित वजन में हल्के तथा आधुनिक तकनीकी से निर्मित द्यठ्ठ4 कृत्रिम हाथ निशुल्क लगाए जाएंगे तथा कृत्रिम हाथ लगने के बाद लाभार्थी व्यक्ति अपनी दैनिक दिनचर्या के कार्य जैसे लिखना, चम्मच पकड़ कर खाना, बाइक चलाना ,साइकिल चलाना, रसोई का कार्य करना, मजदूरी का कार्य करना और भी बहुत कुछ कार्य बड़ी सरलता और सहजता के साथ कर सकता है। कम से कम 20 लाभार्थियों का पंजीयन होने पर उपरोक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कृत्रिम हाथ लगाने का कार्य निरंतर

कृत्रिम हाथ लगाने का लिए शिविर का तो आयोजन किया जाता है किंतु अब प्रतिदिन किसी भी व्यक्ति के आवेदन या मांग होने पर उसका हाथ प्रतिदिन संस्था द्वारा लगाया जा रहा है। जिसके लिए उस दिव्यांग व्यक्ति के हाथ या पैर की फोटो, आधार कार्ड, मोबाइल मोबाइल नंबर सुनीता कालूराम अग्रवाल के व्हाट्सएप नंबर 8888130989 / 9422130989 मुरलीधर महूरें के 9422951523 पर भेज सकते हैं। उपरोक्त जानकारी व इस कृत्रिम हाथ व पैर का लाभ अधिक से अधिक लेने का आवाहन विशाल कुमार सोनी सचिव हरि कृष्णा फाउंडेशन व कालूराम अग्रवाल अध्यक्ष तासी सेवा समिति द्वारा किया गया है।

# गांजा पिने वाले 12 लोगों पर 500 रु. जुर्माना

**बुलंद गोंदिया** - शहर के विभिन्न वार्डा में गांजा पिने वाले 12 लोगों पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत कुलकर्णी ने 500 रु. का जुर्माना लगाया है. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधिकारी अशोक बनकर, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनील ताजने के आदेश पर स्थानीय अपराध शाखा, शहर थाना व रामनगर थाने के टीम ने शहर थाने के तहत 18 व रामनगर थाने के तहत 2 ऐसे कुल 20 गांजा पिने वाले लोगों पर कार्रवाई की थी. उक्त अपराधों का आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया. मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिजित कुलकर्णी ने गौतमनगर निवासी उमेश पोगडे (22), छोटा गोंदिया निवासी जय नागरिकर (26), चावड़ी चौक छोटा गोंदिया निवासी रोहन बागडे (24), आंबाटोली निवासी सुजान खान (18), सिंगलटोली निवासी आयुष भालाधरी (18), गौतमनगर निवासी जितेंद्र नागभीरे (46), यादव चौक निवासी आकाश बावने (20), सागर वाघमारे (28), सरकारी तलाव हनुमान मंदिर निवासी राकेश चंदनिया (28), कचरा मोहल्ला निवासी अमर गजभिये (40), सावराटोली निवासी राकेश गोंडाने (40), यादव चौक निवासी संदीप शेंद्रे पर 500 रु. का जुर्माना लगाया है.



# सामाजिक संस्थाओं से सीखें समाज सेवा का उत्कृट कार्य - पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगळे

## श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी व गिरीराज गौ सेवा मित्र मंडल महारक्तदान शिविर, 202 यूनिट का संकलन





**बुलंद गोंदिया।** शासकीय चिकित्सालय में ग्रीष्म काल में रक्त की कमी को देखते हुए बिना किसी दिन विशेष के श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी व गिरिराज गौ सेवा मित्र मंडल के संयुक्त तत्वधान में महारक्तदान शिविर का आयोजन श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित गोंदिया जिले के पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संस्थाओं से ही समाज सेवा का उत्कृष्ट कार्य के उदाहरण सामने आते हैं जिसमें जरूरतमंदों की सहायता सामाजिक संस्था बिना किसी भेदभाव के निरंतर कर रही है। इस महा रक्तदान शिविर में गोंदिया जिले का एक नया इतिहास बनाते हुए एक ही दिन में 202 यूनिट का रक्तदान हुआ।

रक्तदान शिविर श्री महावीर मारवा्ड़ी स्कूल सोसायटी एवं गिरीराज गौ सेवा मित्र मंडल के संयुक्त तत्व्धान में व बी.जी.डब्ल्यू ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. संजय माहुले एवँ डॉ. विहांका वैद्य मेडम के मार्गदर्शन में संपन्न। इस शिविर में 202 यूनिट रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। किसी सामाजिक संस्था द्वारा किया गया यह आज तक का सबसे बड़ा रक्तदान शिविर साबित हुआ।

गोदिया के सभी शासकीय अस्पतालों एवं बी.जी.डब्ल्यू स्थित रक्तपेढ़ी में खून का काफी अभाव देखा जा रहा हैं जिसकी संपूर्ण चर्चा विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से देखी गयी। इसी बात को ध्यान में रखकर गिरीराज गौ सेवा मित्र मंडल एवं श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी के संयुक्त त्वाधान में महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी के प्रांगण में रविवार दिनांक18 जून 2023 को भव्य रक्तदान शिविर एवं निशुल्क थायराईड चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के बंधुओं ने, महिलाओं ने एवं विशेष युवा वर्ग द्वारा स्वेच्छा से आगे आकर रक्तदान किया।

सुबह 9 बजे से प्रारंभ यह शिविर संध्या 6 बजे तक निरंतर चलता रहा। गोदिया बी.जी.डब्ल्यू. ब्लड बैंक को इस प्रकार की रक्त की कमी न हो पाये इस हेतु जब जब मरीजों हेतु रक्त की मांग ज्यादा प्रमाण में रहती हैं उस प्रकार का प्रभावी नियोजन शासकीय ब्लड बैंक द्वारा किया जाना चाहिये जिससे रक्त की कमी न हो इस प्रकार का सुझाव भी मुख्य अतिथि निखिल पिंगळे द्वारा दिया गया।

रक्तदान कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण वातानुकूलित हॉल के अंदर रक्तदान शिविर लिया गया, तथा रक्तदान के पश्चात् वातानुकूलित विश्रांति कक्ष में सभी के लिये कॉफी, बिस्किट,फ्रूट, तथा सभी प्रकार के ज्यूस इत्यादि का संपूर्ण प्रबंधन समिति द्वारा किया गया था।

संपूर्ण रूप से नियोजित किये गये इस रक्तदान शिविर में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने स्वेच्छा से आकर रक्तदान किया। कार्यक्रम के अवसर पर भगवान हनुमान जी एवं माँ सरस्वती जी के तेलचित्र की पूजा अर्चना कर शिविर का विधिवत उद्घाटन निखिल पिंगळे के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मंच पर सीताराम अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, डॉ. विहांका वैद्य मेडम, उपस्थित थे। सभी ने अतिथि का पुष्पुच्छ देकर स्वागत किया गया।




कार्यक्रम के अंत में बी.जी.डब्ल्यू अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रमुख डॉ. संजय माहुले, डॉ. विहांका वैद्य मेडम एवं सभी रक्तपेढ़ी से पधारे डॉक्टर्स एवं स्टाफ का समिति की ओर से स्वागत किया गया, एवं सभी को इस शिविर की स्मृतियाँ हेतु स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

इस अवसर पर डॉ. वैद्य मेडम मुख्य आधिकारी रक्तपेढ़ी गोंदिया ने रक्तदान के महत्व को समझाया, आप से प्राप्त खून किसी ग्रामीण अंचल की गरीब गर्भवती महिलाओं के लिए जो कि विशेष कर यहाँ से 100 किमी.दूर ग्रामीण इलाकों में उपयोगी सिद्ध होगा। रक्तदान से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं इस उद्देश्य से रक्तदान महादान नहीं बल्कि रक्तदान को जीवन दान कहा जाता है।

डॉ. वैद्य मैडम ने बताया कि जो मधुमेह के मरीज है परंतु मधुमेह पूर्णत: नियंत्रण में है वे भी रक्तदान कर सकते है यह कह कर उन्होने इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर किया।

डॉ.संजय माहुले ने रक्त के अंदर पाये जाने वाले प्लाजमा, आरबीसी., डब्ल्यूबीसी प्लेटलेट्स को सेपरेट करने की मशीन तुरंत अपने ब्लड बैंक में चालू होगी जिससे रक्तदान से प्राप्त रक्त का प्रत्येक अंश एक से ज्यादा मरीजों के लिये उपयोगी सिदृध होगा तथा इस शिविर की भरपूर प्रशंसा की। इसी अवसर पर थॉयराईड चैकअप कैम्प भी डॉ. गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में सुबह लिया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरव अग्रवाल का भी समिति द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।

रक्तदान शिविर का सफल बनाने में सीताराम अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, सुमित भालोटिया, सी.ए.राजेश व्यास, अजय खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, शैलेष टेकरीवाल, विजय मुरारका, दीपक फतेपुरिया, राहुल सिंघानिया, अर्पित अग्रवाल, श्रीराम लेकरिया, अमित लेकरिया, अशोक लेकरिया, रामकिशन अग्रवाल, मुस्कान इसरका, शिव अग्रवाल, आशीष छितरका, पवन अग्रवाल ( अग्रश्री), सौ. नेहा शर्मा, साथ ही साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक अभिषेक अग्रवाल सर, पंकज शर्मा सर, अजय श्यामका सर, पंकज अग्रवाल सर, चंचल अगवाल जी व सभी कर्मचारी वर्ग ने भरसक प्रयास किया।

इस अवसर पर रक्तमित्र आदेश शर्मा, विजयअग्रवाल (मेडीकल), हर्षल पवार तथा सुजीत सिंघानिया का भी सहयोग प्राप्त हुआ। सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात् शासन की ओर से एवं समिति की ओर से उनके सम्मान हेतु प्रमाण-पत्र दिये गये। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन सी.ए.राजेश व्यास ने किया।

# दुर्घटना में युवक की मौत



**गोंदिया** -तिरोड़ा शहर के यूनियन बैंक टी पॉइंट पर टिप्पर की चपेट में आने से ग्राम बोदा निवासी अरुण रहांगडाले (35) की मौत हो गई. 20 जून की रात करीब 8.30 बजे अरुण रहांगडाले अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था. इसी दौरान टिप्पर क्र. एमएच 40 ङ्क सीएम 5426 ने टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे तुरंत सरकारी उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्राथमिक इलाज के बाद उसे गोंदिया के डा. बजाज अस्पताल में भेजा गया. पेशंट की गंभीरता को देखते हुए वहा से नागपुर रवाना कर दिया गया. लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. जांच तिरोडा पुलिस कर रही है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।